CBSE Class–5 Hindi
NCERT Solutions
रिमझिम पाठ- 14. बाघ आया उस रात

बात-बात में

"वो इधर से निकला, उधर चला गया"

प्रश्न- (क)यह बात कौन किसे बता रहा होगा?

उत्तर- यह बात बेटू छोटू को बता रहा होगा|

(ख) तुम्हे यह उत्तर कविता की किन पंक्तियों से पता चला?

उत्तर- हमें यह उत्तर कविता की निम्नलिखित पंक्तियों से पता चला

'पाँच-साला बेटू ने हमें फिर से आगाह किया|'

ख़बर तेंदुए की

प्रश्न- (क) कक्षा 2 की रिमझिम के अखबार में छपा समाचार दिया गया है| साथ में उस समाचार के आधार पर लिखिए कहानी भी दी गई है उसे एक बार फिर से पढ़ो|

उत्तर- (क) छात्र कक्षा 2 की पुस्तक से कहानी पढ़ें|

(ख) अब 'बाघ आया उस रात' कविता के आधार पर एक 'समाचार' लिखो|

उत्तर- हिमाचल प्रदेश: कल रात हिमाचल प्रदेश के पपलाह गांव में एक बाघ आ गया| जिसे कारण गांव में अफरातफरी मच गई-| लेकिन बाघ जल्दी ही वहां से चला गया| वह बाघ इससे पहले भी गांव में नदी के पास अपनी बाघिन और बच्चों के साथ देखा गया था| बाघ के गांव में इस तरह आने से डर का माहौल बन गया है| लोग शाम हो ते ही अपने घरों दरवाजे बंद कर लेते हैं|

(ग) तेंदुए और बाघ में क्या अंतर है? पता करो| इस काम के लिए तुम बड़ों से बातचीत भी कर सकते हो|

उत्तर- तेंदुए और बाघ का रंग कुछ अलग होता है| उनकी दौड़ने की गति में भी कुछ अंतर होता है| तेंदुआ कुछ छोटा होता है, जबकि बाघ उससे बड़ा होता है|

उस रात

इस कविता में एक ऐसी रात की बात की गई है जिस रात को कुछ अनोखी घटना घटी थी|

प्रश्न- (क) उस रात को कौन सी अनूठी बात हुई थी?

उत्तर- उस रात को गांव में बाघ आ गया था|

(ख) तुम्हारे विचार से क्या यह बात सचमुच अनूठी है? क्यों?

उत्तर- हाँ, यह बात सचमुच में अनूठी है क्योंकि ये जानवर जंगल में रहते है और उनका गांव में आना अनूठी बात है|

(ग) उस रात को और क्या क्या हुआ आपने दोस्तों से बातचीत करके लिखो|

उत्तर- उस रात को बाघ आने से गांव में हडबड़ी मच गई होंगी| लोग बाग को भगाने के लिए इकट्ठा हो गए होंगे| साथ ही डर के मारे समूह बना कर घूम रहे होंगे| बच्चों को घरों के अंदर बंद कर दिया गया होगा|

बाघ के काम

“बाघ कहीं काम नहीं करता, न किसी दफ्तर में, न कॉलेज में”

प्रश्न- बाघ दिन भर क्या-क्या करता होगा? कहाँ-कहाँ जाता होगा? अपने साथियों के साथ मिलकर जानकारी एकत्रित करो| फिर चर्चा करके उस पर एक चित्रात्मक पुस्तक तैयार करो| इसे तुम अपने पुस्तकालय में भी रख सकते हो|

उत्तर- बाघ दिन भर जंगल में घूमता रहता होगा और शिकार करता होगा| वह जंगल के साथ-साथ पहाड़ों, झरनों तथा नदी पर जाता होगा| छात्र स्वयं चर्चा करके एक चित्रात्मक पुस्तक तयार करे|

आँखें फैलाकर

वो इधर से निकला उधर से चला गया

वो आँखें फैलाकर बतला रहा था|

प्रश्न- नीचे आँख से जुड़े कुछ और मुहावरे दिए गए है, वाक्यों में इनका इस्तेमाल करो|

आँख लगाना, आँख दिखाना, आँख मूँदना, आँख बचाना, आँखें भर आना, सिर आँखों पर बैठाना

उत्तर- आँख लगना –(नींद आना)- कहानी सुनते-सुनते विशाखा की आँख लग गई|

आँख दिखाना –(डराना)- मां ने बच्चे को गलती करने पर आँख दिखाई|

आँख मूँदना –(ध्यान न देना)- हमें गलत काम को देखकर आँखें नहीं मूँदनी चाहिए, बल्कि उन्हें रोकना चाहिए|

आँख बचाना –(चुपचाप निकलना)- उधार के रुपए लौटाने के डर से मनोज आँखें बचा कर निकल रहा था|

आँखें भर आना –(पीड़ा पहुंचना)- एक कबूतर को मरते देख मेरी आँखे भर आई

सिर आँखों पर बैठाना –(बहुत इज्जत देना) ट्वेंटी20- वर्ल्ड कप जीतने पर भारतीय टीम को लोगों ने सिर आंखों पर बिठा लिया|

शब्दों की दुनिया

प्रश्न- (क) पाँच साला बिटू ने हमें फिर से आगाह किया| ‘आगाह किया’ का मतलब क्या हो सकता है?

• सचेत किया ______

• मनोरंजन किया ______

• बताया _______

• समझाया _______

उत्तर- सचेत किया

(ख) कविता में इनमें से कौन सा भाव झलकता है?

उ त्तर- कविता में इनमें से सचेत करने का भाव झलकता है|

(ग) किन किन पंक्तियों/शब्दों से यह भाव व्यक्त हो रहे हैं?
***आश्चर्य, *डर *अविश्वास**
उत्तर- आश्चर्य – "वो इधर से निकला
उधर चला गया ऽऽ"
डर – "आप रात को बाहर निकलो!"
अविश्वास – "न किसी दफ्तर में
न कॉलेज में ऽऽ"

(घ) जब हम कविता के जरिए कोई बात कहते हैं तो आमतौर पर शब्दों के कर्म को बदल देते हैं
• जैसे कविता का शीर्षक " बाघ आया उस रात " गद्य में " उस रात बाघ आया " होगा | ऐसा क्यों किया जाता होगा?
• इस किताब की दूसरी कविताएँ भी पढ़ो शब्दों के क्रम में आए बदलाव पर गौर करो | ऐसे ही कुछ वाक्यों की सूची बनाओ|
• क्या शब्दों के क्रम में बदलाव अखबार की खबरों में भी आता है ? पाठ्यपुस्तक की पृष्ठ संख्या - 116 पर बने कोलाज को देखो और बताओ |
उत्तर- ऐसा कविता में लय-तुक तथा प्रवाह लाने के लिए किया जाता है|

• अन्य कविताओं में शब्दों के क्रम में आए बदलाव-
(अ) सीटी भी है कई तरह की|
(आ) हैं छोटी-छोटी तलवार|
(इ) थोडा घबराते भी थे हम उससे|
(ई) गुरु एक थे और थे एक चेला|
(उ) टके सेर मिलती थी राबड़ी मलाई|
उत्तर- हा, शब्दों के क्रम में बदलाव अखबार की ख़बरों में भी आता है| जैसे-
(अ) किस तरह के बच्चे होते है अच्छे|
(आ) अठारह घंटे की देरी से चल रही रेलगाड़ियाँ|
(इ) कोहरे के असर से मंद पड़ी ट्रेन व् बसें|
(ई) स्वीपर कर रहे डॉक्टर का काम|
(उ) इस बार कठिन होगा बच्चों को रिझाना|